बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

CIN-U31900BR1978SGC001317

(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक- 7522/2022

दिनांक 08/06/22

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव
प्रधान सचिव
सचिव
विभागाध्यक्ष
सभी विभाग, बिहार, पटना।
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः— डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामर/आई0टी0ब्यॉय/गर्ल के स्थानान्तरण के संबंध में।

महाशय,

निगम द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं ऐजेन्सियों को सर्विस प्रोवाईडर के माध्यम से संविदा पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर उपलब्ध कराये गये डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामर एवं आई0टी0ब्यायॅ/गर्ल की सेवाएँ के संदर्भ में उनके स्थानान्तरण से संबंधित दिशा—निर्देश की मांग निगम को प्राप्त हुई है।

साधारणतया इन कर्मियों की बेल्ट्रॉन के द्वारा स्थानान्तरण की कार्रवाई नहीं की जाती है। **इस संबंध में कहना है कि संबंधित विभाग अपने अधीनस्थ कार्यालयों में प्रतिनियुक्त कार्मिकों के अंतर्जिला स्थानान्तरण की कार्रवाई कार्यहित/प्रशासनिक दृष्टिकोण से कर सकते हैं। इसी प्रकार जिला पदाधिकारी भी उनके माध्यम से अधियाचना पर प्राप्त कर्मियों का अपने जिले में प्रखंड/अंचल/कार्यालयवार स्थानान्तरण कार्यहित/प्रशासनिक दृष्टिकोण से कर सकते हैं।**

विभाग अथवा जिला पदाधिकारी की ओर स्थानान्तरण संबंधी सूचना प्राप्त होने पर बेल्ट्रॉन द्वारा ई0आर0पी0 सॉफ्टवेयर में स्थानान्तरित स्थान पर कार्मिकों का Mapping कर आवश्यक संशोधन कर लिया जायगा, ताकि वेतन आदि का भुगतान सुचारू रूप से जारी रहे।

विश्वासभाजन

संतोष 8/6/22

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रबंध निदेशक

बेलट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना–800023